मेट्रो-3 : सवा किलोमीटर सुरंग खोद कर बाहर आई सूर्या-2



मुंबई। मेट्रो-3 (कुलाबा-बांद्रा-सिप्ज) का काम दिन-ब-दिन अपनी लक्ष्य की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। शुक्रवार सुबह 9.30 बजे के लगभग विधानभवन मेट्रो स्टेशन के यहां 'सूर्या-2' नामक एक टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) सुरंग बनाने का काम पूरा करके बाहर आई। बताया जाता है कि 'सूर्या-2' ने तेरहवें चरण का काम पूरा कर लिया। यह मशीन कफपरेड से लेकर विधान भवन स्टेशन तक लगभग 1.24 किलोमीटर सुरंग का काम पूरा करके बाहर आई। सूर्या-2 का वजन 600 मीट्रिक टन है। साथ ही इसकी लम्बाई 95 मीटर है। बताया जाता है कि सूर्या-2 का काम बहुत ही तेज था। यह हर दिन 7 रिंग्स तक की सुरंग बना लेती थी। इसीलिए इसने इस काम को 205 दिनों में ही पूरा कर लिया। इस सुरंग में कुल 838 रिंग्स बनाए गये हैं। इस सुरंग के काम में पैकेज-1 में 5.89 किलोमीटर में से 2.48 किलोमीटर का काम पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा चर्चगेट स्टेशन से बाहर चल रहे मेट्रो के काम के दौरान कल डेढ़ बड़े के लगभग जमीन के अंदर एक छोटा से ब्लास्ट भी किया गया था। जिससे सभी वाहन और पैदल चलने वालों को रोक दिया गया था। बताया जाता है कि सुरंग खोदते समय एक बड़ा सा पत्थर रास्ते में आ गया था जिसे हटाने के लिए ही यह ब्लास्ट किया गया था।